

1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# यूपी मॉडल और सियासत

अब सियासी चर्चाओं में भाजपा के जिक्र के साथ यूपी मॉडल का भी चर्चा चल रहा है। यूपी मॉडल यानी कड़क कानून व्यवस्था, विकास और सुशासन। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दोबारा सत्ता में आई है। विपक्ष के कई नेता भाजपा की, योगी आदित्यनाथ की रोजाना बुराई करते रहे, लेकिन चुनाव में जनता ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया और भाजपा को जिताया। विपक्ष के नेता अब भी अपने दिन की शुरूआत सरकार विरोधी ट्वीट से करते हैं। जैसे लोग रोजाना गुड मॉर्निंग, राम-राम जी जैसे मैसेज वाट्सएप, फेसबुक पर पोस्ट करते हैं, ठीक वैसे ही विपक्ष के नेता, भाजपा विरोधी पोस्ट से अपना दिन शुरू करते हैं। जनता ऐसी पोस्ट को मूल्य नहीं देती, बस नेताजी के कार्यकर्त्ता ही उनकी पोस्ट को लाइक करते हैं। देशभर में यूपी मॉडल का चर्चा है। उधर विपक्षी एकता की धुन भी बज रही थी, मगर न जाने क्या हुआ धुन बजना बन्द हो गई एकतारे का कोई तार टूट गया। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ का नाम जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री के लिए चला था, तब किसी को कल्पना नहीं थी कि योगी जी मुख्यमंत्री बनेंगे। आलाकमान के पास कई लोगों के फोन आए कि योगी जी ने कभी म्युनसपिलिटी भी नहीं चलाई, वास्तविकता थी, नहीं चलाई थी, योगी जी कभी किसी सरकार में मंत्री नहीं रहे, उस वक़्त कहा गया कि योगी जी संन्यासी हैं, पीठाधीश हैं और इतने बड़े प्रदेश का उनको मुख्यमन्त्री कैसे बनाया जा सकता है, लेकिन बना दिया गया। अब छह साल बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है, अब योगी आदित्यनाथ में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराधिकारी तलाशने वालों की संख्या बढ़ती नजर आ रही है। ऐसे लोगों में सिर्फ. योगी आदित्यनाथ के उत्साही समर्थक नहीं हैं, बीजेपी के कई कार्यकर्ता और राजनीतिक विश्लेषक भी दावा करते हैं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री का कद पार्टी में अपने समकालीन नेताओं से काफी ऊंचा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की राजनीति पर वर्षों से करीबी नजर रखने वाले कहते हैं कि दिल्ली में अक्सर हमें दोनों का पोस्टर देखने को मिलता है, मोदी और योगी। योगी जी का स्टेटस सेकेंड अमंग इक्वल्स यानी पार्टी में दूसरे नंबर का हो गया है। उन्होंने सबको पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमन्त्री की कुर्सी संभालने से पहले योगी आदित्यनाथ पांच बार लोकसभा के सांसद चुने जा चुके थे, तब उनका प्रभाव क्षेत्र सीमित था। मुख्यमन्त्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ के कामकाज ने जिस यूपी मॉडल को खड़ा किया, उसकी चर्चा अब उसी तरह होती है। जैसे साल 2014 के पहले बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमन्त्री और पार्टी के कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी के गुजरात मॉडल का ज़िक्र किया जाता था। योगी आदित्यनाथ ने काफी प्रभाव छोड़ा है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को चुनाव दर चुनाव मिलने वाली कामयाबी की वजह से हर तरफ योगी आदित्यनाथ के 'यूपी मॉडल' की बात हो रही है। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर करीबी नजर रखने वाले भी कह रहे हैं कि योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश में बीजेपी को मिले चुनाव नतीजों के जरिए उनका मूल्यांकन हो रहा है। किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन परिणाम से होता है। योगी आदित्यनाथ के साथ भी यही बात है। वो 2017 में सत्ता में आए। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम दिया। तब सपा, बसपा और आरएलडी का गठबंधन था। उस गठबंधन के मुकाबले अपने सहयोगियों के साथ 64 सीट जीतना बड़ी उपलब्धि थी। तब गठबंधन को लग रहा था कि बीजेपी का सफाया हो जाएगा। उसके बाद आया 2022 का विधानसभा चुनाव। दूसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना निश्चित तौर पर एक बड़ी बात थी। फिर अभी निकाय चुनाव हुए, बीजेपी ने सारे बड़े शहरों में क्लीन स्वीप किया, ये रिपोर्ट कार्ड है योगी आदित्यनाथ का। 'योगी आदित्यनाथ रिलीजन, पॉलिटिक्स एंड पावर, द अनटोल्ड स्टोरी' किताब के लेखक दावा करते हैं कि आज की तारीख में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ दूसरे सभी नेताओं से आगे हैं। जहां तक यूपी का सवाल है यहां की लोकसभा सीटें केंद्रीय सत्ता के लिए अहम हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी जरूरी है और योगी भी। 2024 के चुनाव में यूपी मॉडल बहुत काम आने वाला है। योगी का यूपी मॉडल है कानून व्यवस्था और विकास। लेकिन जैसे गुजरात मॉडल का मेन फीचर विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक उन्नति थी, यूपी में कानून व्यवस्था मुख्य स्तंभ है। विकास की बात उसके बाद आती है। कानून व्यवस्था के मामले में योगी ने काफी प्रभाव छोड़ा है। दूसरी तरफ बिहार है जिसे भ्रष्टाचार मॉडल कहा जा रहा है। बिहार में विपक्षी दलों की बैठक होने वाली थी, लेकिन वह टल गयी है, विपक्षी एकता अभी दूर है, अभी तो एकता के लिए होने वाली बैठक के लिए एकता नहीं हो पा रही है। मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार प्रधानमन्त्री मोदी के विरुद्ध 2024 के लोकसभा चुनाव में बिगुल फूंक चुके हैं। इसके लिए वो दिल्ली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन और नवीन पटनायक तक से मुलाकात कर चुके हैं। एकता के लिए होने वाली बैठक से पहले कांग्रेस सहित सभी दलों से नीतीश कुमार ने हामी भरवा ली थी, तभी बैठक की तारीख तय की गई, लेकिन अब जब कांग्रेस यानी बाराती आने को तैयार नहीं हैं, तो नीतीश ने बैठक को टाल दिया। नीतीश बिना कांग्रेस के बैठक नहीं करना चाहते। कहा जा रहा है कि अगर बिना कांग्रेस के बैठक हुई, तो इससे ये संदेश जाएगा कि नीतीश की ये बैठक तीसरे मोर्चे की मीटिंग है, जबकि नीतीश चाहते हैं कि विपक्ष एक छत के नीचे रहे यानी कांग्रेस सहित। नीतीश कुमार ने पहले विपक्षी एकता के लिए मंच सजाने की तारीख की घोषणा की और फिर इसे आगे बढ़ाने पर मजबूर हो गए। उन्होंने इसकी वजह कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बैठक में शामिल न हो पाना बताया। यह बैठक एक बार नहीं टली है। पहले इसे 19 मई को होना था। तब कांग्रेस कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थी। इसके बाद कर्नाटक चुनाव में मिली जीत से एक तरफ कांग्रेस उत्साहित थी तो दूसरी तरफ इस बैठक के लिए मई के अंत को चुना गया। तब भी यह संभव नहीं हो पाया। फिर नीतीश कुमार ने इसके लिए 12 जून की तारीख तय की, लेकिन कांग्रेस ने दबाव बनाना शुरू किया तो नीतीश को यह भी टालना पड़ गया। फिलहाल विपक्षी एकता नहीं है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"दुनिया" "लानतें" "मुल्क" "उम्मीद"

सारी दुनिया ही में जिनपे लानतें हैं बेशुमार,
ऐसे लोगों से हमारा देश तो डरता नहीं।
वो जिन्होंने मुल्क से छीना है झपटा है फकत,
उनसे कुछ उम्मीद तो ये मुल्क भी करता नहीं।

# एशिया कप से बाहर हो सकता है पाकिस्तान

कराची, 6 जून (एजेंसी)। पाकिस्तान इस साल होने वाले एशिया कप से अपना नाम वापस ले सकता है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) उम्मीद कर रहा था कि उसे उसके प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' के मामले में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से समर्थन मिलेगा। हालांकि, इन तीनों देशों के क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के 'हाइब्रिड मॉडल' को नकार दिया। ऐसे में पाकिस्तान इस टूर्नामेंट से नाम वापस लेने पर विचार कर रहा है। इस साल एशिया कप सितंबर में वनडे फॉर्मेट में हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी द्वारा प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार, पाकिस्तान को अपने देश में एशिया कप के तीन से चार मैचों का आयोजन करना था, जबकि भारत से जुड़े बाकी मैचों को तटस्थ स्थान पर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया था। सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। वहीं, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी ने टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर करने के लिए बीसीसीआई के विचार का समर्थन किया है। सूत्रों ने बताया- इस महीने के अंत में एशियाई क्रिकेट काउंसिल के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य एक औपचारिक मीटिंग कर सकते हैं। हालांकि, पीसीबी अब इस बात से अवगत है कि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया कप के लिए उनके हाइब्रिड मॉडल प्रस्ताव का समर्थन नहीं करने जा रहे हैं।

# बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत लोकसभा चुनाव में दिलाएगी विजय- हरेन्द्र मलिक

## -सपा की चरथावल सदर ब्लॉक बूथ कमैटी की मीटिंग में जुटे कार्यकर्ता



मुजफ्फरनगर, 06 जून (बुस.)। सपा के बूथ कमेटी गठन अभियान के अंतर्गत सपा विधायक चरथावल पंकज मलिक के आवास पर आयोजित चरथावल विधानसभा के सदर ब्लॉक के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए सपा राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा प्रभारी पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि सपा की मजबूत बूथ कमेटी ही लोकसभा चुनाव जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सपा राष्ट्रीय महासचिव हरेन्द्र मलिक ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर सपा के साथ प्रत्येक जाति वर्ग के जिम्मेदार व मेहनती कार्यकर्ता लगातार जुड़ रहे हैं। मजबूत बूथ कमेटी गठन के लिए वह तथा समाजवादी पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में बूथ पर पहुंच रहे हैं, वही मजबूत बूथ कमेटी भाजपा सरकार की विफलताओं की पोल खोलने के साथ सपा को चुनाव में जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा की जब तक प्रत्येक बूथ पर मजबूत बूथ कमेटी गठन नहीं होती, कोई भी सपा कार्यकर्ता पदाधिकारी चैन से नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक ब्लॉक व सेक्टर पर पहुंचकर मजबूत बूथ कमैटी गठन का काम जारी है। चरथावल के सपा विधायक पंकज मलिक ने क्षेत्रीय लोगों से संवाद करते हुए कहा की क्षेत्र में विकास व उनके सम्मान के लिए वह हमेशा क्षेत्रीय लोगों के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा की मैं क्षेत्र में लगातार विकास ला रहा हूं, वहीं भाजपा विकास में लगातार अड़ंगे लगाने का प्रयास कर रही है। विधायक पंकज मलिक ने कहा कि भाजपा की विकास रोकने व कार्यकताओं के उत्पीड़न की साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मीटिंग की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता शफाअत राणा व संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह भाटी द्वारा किया गया। मीटिंग को मुख्यरूप से पूर्व जिलाध्यक्ष ईलम सिंह गुर्जर, सपा नेता साजिद हसन, सपा विधानसभा अध्यक्ष सैयद नौशाद अली, जिला महासचिव विकिल गोल्डी अहलावत, महानगर महासचिव सलीम मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड आरिफ चौधरी, इमरान राणा, राजकिशोर शर्मा, आमिर अली एडवोकेट आदि ने सम्बोधित किया। मीटिंग में मुख्यरूप से सभासद मसरूर, शाहिद राणा, इमलाक प्रधान, हसीब राणा, शादाब राणा, कुलदीप प्रधान, फरमान अली, नरेश कुमार, खुर्रम जैदी, मीर हसन चेयरमैन, महबूब कुरैशी, सतेंद्र चौधरी, बाबर राणा, जिल्लु प्रधान, पप्पन चौधरी, प्रमोद प्रधान, राजेन्द्र सिंह सहित क्षेत्रीय अनेक प्रधान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले राजेश जैन



मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। मोदी सरकार के नौ साल में सत्ता में रहने से पहले विपक्ष के 70 साल कैसे होंगे। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि भाजपा ने इन नौ सालों में जहां एक ओर चार करोड़ लोगों को मकान, 50 करोड़ लोगों को बैंक खाते, 11 करोड़ लोगों को इस बीच शौचालय व महिलाओं को 10 करोड़ उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए हैं। मंगलवार को यह बातें भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बेंगलुरु के सांसद तेजस्वी सूर्या ने लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष राजेश जैन गर्ग डूप्लैक्स के साथ हुई औपचारिक चर्चा के दौरान व्यक्त किए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या देश में लघु उद्योग को लेकर अब तक सरकार की ओर से दी गई सुविधाओं के साथ में उद्योगों की बेहतरी के लिए उठाए कदमों की विस्तार से चर्चा की। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने उनसे जनपद में लघु उद्योगों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराने के साथ मुजफ्फरनगर जनपद में आने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान राजेश जैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या को जनपद मुजफ्फरनगर की पवित्र तीर्थनगरी शुकतीर्थ के अलावा जैन तीर्थ श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में एक बार पधारने के लिए भी निमंत्रण दिया।

# ऐलान: अधिशासी अभियंता के तबादले तक जारी रहेगा धरना

मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज सिंह के खिलाफ चल रहा कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। अधिकारी के अभद्र व्यवहार से आहत कर्मचारियों ने धरने पर इस बीच फैसला लिया कि अगर बुधवार तक अधिशासी अभियंता का शासन स्तर पर तबादला नहीं किया गया तो गुरूवार से अपने सम्मान की खातिर कर्मचारी ऐसे में संपूर्ण कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। अपने ही अधिकारी के अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौच मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर लोनिवि निर्माण खंड-1 के कार्यालय परिसर में बीते चार दिनों से चल रहे धरने में मंगलवार को अवर अभियंता, मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के सदस्य, नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, राजकीय वाहन चालक संघ के सदस्य-कर्मचारी शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता कृष्ण कुमार और संचालन मुकेश कुमार द्वारा किया गया। धरने पर बैठे अधिकांश वक्ताओं ने कहा कि अधिशासी अभियंता नीरज सिंह का व्यवहार असहनीय है, ऐसे में जब तक इस अधिशासी अभियंता का जिले से स्थानांतरण नहीं होता, तब तक उनका धरना इसी तरह से जारी रहेगा। इस बीच उन्होंने कहा कि अगर सात जून को स्थानांतरण नहीं किया गया तो आठ जून को वह सभी संपूर्ण कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिशासी अभियंता नीरज सिंह का कर्मचारियों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। सभी से ही अभद्रता करते रहते हैं। ऐसे में तानाशाही रवैये के कारण राजकीय कार्यों की गति धीमी पड़ गई है। इस दौरान मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, मेहर सिंह, विकास कुमार, रजनीश कुमार, विपिन कुमार, नैन सिंह, सुरेश गिरी, शारदा लाल मिश्रा, रामपाल, अजय कुमार, राकेश कुमार, सुशील कुमार मौजूद रहें।




# पीड़िता भी वापस नहीं ले सकती पॉक्सो का केस, कोर्ट तय करेगी बृजभूषण का भविष्य



नई दिल्ली, 6 जून (एजेंसी)। बृजभूषण शरण सिंह के मामले में यह कहा जा रहा है कि नाबालिग महिला खिलाड़ी ने अपना केस वापस ले लिया है। उसने अपना बयान बदल लिया है और अदालत में मजिस्ट्रेट के सामने नए बयान में उसने कहा है कि उसने दबाव में बृजभूषण शरण सिंह पर दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप लगा दिए थे। दावा किया जा रहा है कि इसके बाद बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो का मामला खारिज हो जाएगा। साक्षी मलिक ने इसे अफवाह बताते हुए इस समाचार का खंडन कर दिया है। लेकिन इसके बाद भी, कानून के जानकारों का मानना है कि पॉक्सो के मामले में पीड़ित को भी केस वापस लेने का अधिकार नहीं है। यानी यदि नाबालिग महिला खिलाड़ी अपना बयान बदलती भी है, तो भी बृजभूषण शरण सिंह को राहत नहीं मिलने वाली है। कानून पॉक्सो कानून में एक बार मामला दर्ज हो जाने के बाद पीड़ित को भी केस वापस लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन पीड़ित चाहे तो अदालत के सामने अपना ब्यान बदल सकती है। लेकिन यह बदला बयान भी पीड़ित या पुलिस को एफआईआर रद्द करने का अधिकार नहीं देता। इस बदले बयान के आधार पर अन्य विवेचना के साथ पुलिस अदालत में मामले को बंद करने की रिपोर्ट दाखिल कर सकती है, लेकिन यह अंतिम रूप से अदालत के ऊपर निर्भर करता है कि वह इस रिपोर्ट को स्वीकार करे, या पुलिस को मामले की विस्तृत विवेचना करने और ट्रायल चलाने का आदेश दे। हालांकि, पीड़ित के बदले हुए बयान के आधार पर आरोपी व्यक्ति उच्च न्यायलय में यह अपील कर सकता है कि इस मामले को बंद कर दिया जाए। लेकिन उच्च न्यायालय में भी यह पूरी तरह कोर्ट के विवेकाधिकार पर निर्भर करता है कि वह इसे स्वीकार करे, या न करे।

# अब नगर से सीधे जालंधर के लिए शुरू हुई रोडवेज बस सेवा




मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। योगी सरकार-2 के गठन के साथ प्रदेश में चहुंमुखी विकास को पंख लगे हैं। इन्हीं कवायदों के बीच जिले के लोगों के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने नई रोडवेज बसों की सौगात दी है। इन्हीं तमाम तैयारियों के बीच में मुजफ्फरनगर रोडवेज बस अड्डे से डिपो ने सीधे जालंधर के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होने जा रही है। ऐसे में मुजफ्फरनगर डिपो को 12 नई रोडवेज बसें मिली है। ये रोडवेज बसे जालंधर के साथ-साथ अन्य रूटों देहरादून, दिल्ली, करनाल, टनकपुर समेत विभिन्न मार्गों पर संचालित किया जाएगा। रोडवेज बसों के इन रूटों पर संचालित होने से भविष्य में यूपी का हरियाणा व पंजाब के साथ उत्तराखंड व दिल्ली जाने वाले यात्रियों को इसका फायदा होगा। इस वर्ष में मुजफ्फरनगर रोडवेज बस डिपो को अब तक 20 से अधिक नई रोडवेज बसें मिल चुकी हैं।

वर्तमान में जिला मुख्यालय से 184 रोडवेज बसों का विभिन्न मार्गों पर संचालन हो रहा है। ऐसे में अब भविष्य में इन 12 रोडवेज बसे और मिलने से लम्बी दूरी के तमाम यात्रियों को इसका फायदा होगा। मंगलवार को मुजफ्फरनगर डिपो के वरिष्ठ प्रभारी राजकुमार तोमर ने बताया कि डिपो से सीधे जालंधर के लिए कोई रोडवेज बस नहीं थी, जिससे इस ओर जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब नई 12 रोडवेज बस मिलने से ऐसे यात्रियों को फायदा होगा। अब टनकपुर के बजाए सीधे जालंधर के अलावा दिल्ली देहरादून, करनाल और टनकपुर आदि स्थानों पर जाने वाले तमाम यात्रियों को डिपो से ही बसे मिलेंगी। उन्होंने बताया कि अभी रोडवेज डिपो से 184 रोडवेज व अनुबंधित बसें दिल्ली-देहरादून, लखनऊ, गाजियाबाद, सहारनपुर, करनाल के अलावा स्थानीय स्तर पर शामली, बुढ़ाना, बागपत व जानसठ आदि मार्गों पर संचालित है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र केशव वर्मा के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम भूलवश रितिका वर्मा हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम **रितिका रानी** दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। अतः भविष्य में मुझे **रितिका रानी** के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।

**रितिका रानी**
पत्नी राजीव वर्मा
निवासी-69, नवाब गंज पश्चिमी,
हनुमान चौक, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

# खालिस्तान जिंदाबाद के नारे, भिंडरवाले के पोस्टर

अमृतसर, 6 जून (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं बरसी पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ब्लू स्टार की बरसी पर अखंड पाठ रखा गया था, जो पूरा हो गया है। अखंड पाठ के बाद भिंडरवाले के पोस्टर हाथ में लिए खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। ब्लू स्टार की बरसी के मौके पर जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कौम के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि 1984 में भारत सरकार ने आज ही के दिन हमारे दिलों पर गहरे जख्म दिए, जो कभी भर नहीं सकते। जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि सूर्य पश्चिम से चढ़ सकता है, समुंद्र सूख सकता है, लेकिन सिक्ख 1984 को नहीं भूल सकता। यह जख्म बहुत गहरे हैं। जिन्होंने जख्म दिए उन्होंने तो क्या मरहम लगानी थी, लेकिन जो बाद में आए उन्होंने भी कोई मरहम नहीं लगाई। हमे इनसे कोई उम्मीद भी नहीं है। हुक्मरानों से हम कभी उम्मीद नहीं रखते। जत्थेदार ने कहा कि आप सब मेरी अगुवाई में नहीं बल्की अकाल तख्त साहिब की अगुवाई में इकट्ठे होकर चलें।

# फेडरेशन के सदस्यों ने लिया पर्यावरण बचाने का संकल्प




मुजफ्फरनगर, 06 जून (बुस.)। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा फेडरेशन कार्यालय पर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा पर्यावरण बचाने हेतु शपथ ग्रहण करायी गयी। फेडरेशन परिसर में फेडरेशन अध्यक्ष अंकित संगल व परमहंस मौर्य उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र द्वारा इण्डस्ट्रीयल एरिया में 51 पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष अंकित संगल ने कहा कि फेडरेशन इन पौधों की देखरेख करेगी और समय-समय पर खाद व पानी की व्यवस्था करेगी तथा पौधों को जीवित रखा जायेगा, जिससे पर्यावरण के प्रति अधिक से अधिक व्यक्ति जागरूक हो। अध्यक्ष अंकित सगल ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दो से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए, जिससे पर्यावरण सन्तुलन बना रहे और हमें भरपूर ऑक्सीजन की प्राप्ति हो। इस कार्यक्रम में सभी प्रकार की प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ ली गयी। गोष्ठी में मुख्य रूप से पंकज जैन, अभिनव स्वरूप, अरविन्द गुप्ता, श्रेय जैन, नीलकमल पुरी, अंकुर गर्ग, राजू अग्रवाल, दीपक मित्तल, अनन्य गर्ग, प्रतीक मित्तल, आकर्ष सिंघल, नवनीत गोयल आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी

जानसठ, 6 जून (बु.)। कस्बा निवासी युवक ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके मकान से बिजली मैकेनिक ने लाखों रुपए की ज्वेलरी चोरी कर ली है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला मिश्राण निवासी संजय पुत्र रामपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह अपने मकान में बिजली का कार्य करा रहा था। इस दौरान बिजली मकैनिक ने उसे कहीं बाहर सामान लेने के लिए बाहर भेजा। इस समय के दौरान उसके घर में कोई अन्य व्यक्ति उस वक्त नहीं था। पीड़ित युवक की पत्नी कम्पोजिट विद्यालय खुजेडा में अध्यापन का कार्य करती है, जब वह अपने घर वापस लौटी, तो उसने देखा कि उसके घर में से ज्वेलरी का सामान गायब हो चुका है। पीड़ित युवक ने बिजली मैकेनिक के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देते हुए पुलिस से अपना सामान वापस दिलाने की मांग की है। चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि संजय पुत्र रामपाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उसके मकान से जल्दी चोरी हो गई है। पुलिस उक्त मामले की जांच कर रही है।



# किसानों के गन्ना भुगतान व फसल बर्बादी रोके जाने की मांग

## -किसान यूनियन ने ज्ञापन सौंप उठाई न्याय की आवाज

मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। भारत के किसानों-मजदूरों का संगठन किसान यूनियन ने डीएम दरबार पहुंच क्षेत्र के तमाम किसानों की बकाया गन्ना भुगतान के साथ आवारा पशुओं से बर्बाद हो रही फसल से राहत दिलाए जाने के साथ चुनावी वायदे के अनुरूप मुफ्त बिजली दिलाए जाने की मांग की। मंगलवार को किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन महबूब अंसारी के नेतृत्व में डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी को सौंपा। ज्ञापन में यूनियन ने आवारा पशुओं से बर्बाद हो रही फसल से राहत दिलाए जाने की मांग की। वहीं किसान संगठन ने सिंचाई के लिए पूर्व में किए चुनावी वायदे के बीच निःशुल्क बिजली दिलाए जाने की मांग की। इसके साथ ही सरकार से किसानों के बकाया गन्ना भुगतान दिलाए जाने की मांग की। डीएम को सौंपे ज्ञापन में किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इन समस्याओं के निदान कराने की गुहार लगाई। इस दौरान मुख्य रूप से शाहबेज खां, सरफराज, हनीफ अंसारी, सलीम त्यागी, दिलशाद कुरेशी, आस मौहम्मद, साहिद अब्बासी, फराज आदि मौजूद रहे।

# नगर के दस कॉलेजों में संपन्न होगी बीएड संयुक्त परीक्षा

## -15 जून को होने वाली परीक्षा की तैयारियों में जुटा प्रशासन -परीक्षा केंद्र पर ही वाहनों को खड़ा करने की अतिरिक्त व्यवस्था

मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न संपन्न कराने की कवायदों के बीच शासन से जारी निर्देशों के बीच मुजफ्फरनगर शहर के दस विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। आगामी 15 जून को होने वाली यूपी बीएड की संयुक्त परीक्षा के लिए आलाधिकारियों की ओर से की गई तैयारियों के बीच प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। उक्त परीक्षा के लिए चार हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होने की संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश बीएड प्रवेश परीक्षा को जनपद में संपन्न कराने के लिए नगर क्षेत्र को पांच सेक्टरों में विभाजित करते हुए 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट, दस स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 20 प्रेक्षकों की निगरानी में उक्त बीएड परीक्षा संपन्न होगी। नगर के दस परीक्षा केंद्रों पर कुल 4601 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं दो पालियों में बीएड परीक्षा होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए एसडी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार पुंडीर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 15 जून को दो पालियों में संपन्न होने वाली परीक्षा में प्रथम पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी, जबकि द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि दो केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट सभी परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेंगे। वहीं, एक केंद्र पर अलग से दो प्रेक्षक भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर ऐसे में परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए मेज, कुर्सी, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी, विद्युत व जनरेटर, सेनेटाइजर और वाहन खड़े करने आदि की व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार नगर के चौधरी छोटूराम इंटर कॉलेज, आर्य समाज रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज ब्लॉक ए, डीएवी इंटर कॉलेज ब्लॉक बी, डीएवी पीजी कॉलेज, नई मंडी स्थित दीपचंद्र ग्रेन चेंबर इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, मेरठ रोड के जैन इंटर कॉलेज एवं जैन कन्या पाठशाला पीजी कॉलेज और सरकुलर रोड स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के अलावा एसडी कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# एटूजेड प्लांट विस्तारीकरण का विरोध

मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। खालापार क्षेत्र के किदवई नगर में पालिका की ओर बनाए गए एटू जेड कूड़ा निस्तारित प्लांट के विस्तारीकरण के विरोध में क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच इसका विरोध दर्ज कराया। सामाजिक संस्था आवाज ए हक के बैनर तले इस मामले में डीएम कार्यालय पहुंचे पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आशंका जताई कि पहले से ही प्लांट से आहत क्षेत्र के लोगों को भविष्य में इसके विस्तारीकरण से हजारों लोगों की उक्त आबादी बीमारी से ग्रस्त हो सकती है। इन लोगों ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि पूर्व में चल रहे इस कूड़ा प्लांट के चलते लोगों को विभिन्न संक्रामक रोग घेर रहे हैं। मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में करीब डेढ़ दशक पूर्व पालिका प्रशासन की पहल पर यहां पर एटू जेड कूड़ा प्रबंधन प्लांट की स्थापना की गई थी। शहर से प्लांट तक कूड़ा ले जाने का एकमात्र रास्ता खालापार और किदवईनगर से होकर गुजरता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों कूड़े से भरे ट्रक इन्हीं रास्तों से ही होकर गुजरते हैं। उनका आरोप है कि पूरे शहर के कूड़े को लेकर जाने वाले वाहनों से गंदगी सड़क पर गिरने से संक्रामक रोग फेल रहे हैं, जबकि सड़कों पर दौड़ने वाले अनियंत्रित ट्रक पूर्व में दो बच्चों की जान भी ले चुके हैं। ऐसे में जब पालिका और जिला प्रशासन मिलकर प्लांट का विस्तारीकरण कर रहे हैं। मंगलवार को इस मुद्दे पर सामाजिक संस्था आवाज ए हक के अध्यक्ष शादाब खां के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात कर कूड़ा प्लांट विस्तारीकरण का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस प्लांट संचालन में नियमों का पालन नहीं किया जाता है, जिससे खालापार व किदवईनगर क्षेत्र की 50,000 से अधिक आबादी संक्रामक रोगों की चपेट में है। उन्होंने कहा कि ऐसे में यदि एटूजेड प्लांट का विस्तारीकरण हो गया तो बहुत से लोगों को इस गंदगी के कारण संक्रामक रोग फिर घेर सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि डीएम ने उनकी समस्या को सुनने के साथ ही आश्वस्त किया है कि वे मामले की जांच कराने के साथ समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# टीकाकरण न कराने वालों के लिए की गई चिंता व्यक्त

बुढ़ाना, 06 जून (बु.)। मंगलवार के दिन स्थानीय ब्लाक के गांव जौला में बन रहे कम्युनिटी एक्शन ग्रुप के साथ बैठक के दौरान 0 से लेकर 05 वर्ष के तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण कोविड 19 से बचाव के लिए बूस्टर डोज और जो भी परिवार बच्चों को नियमित टीकाकरण नहीं करवा रहे हैं, उन परिवारों के बारे में बारीकी से चर्चा की गई और कम्युनिटी कलेक्शन ग्रुप ने सहयोग के लिए प्रसन्नता प्रदान की। इस दौरान कोर पीसीआई जन कल्याण समिति की एमएम अफसाना अंसारी ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि शिशुओं को जीवित रखने के लिए टीकाकरण बहुत ही जरूरी है। नियमित टीकाकरण को छोड़ने से नवजात के जीवन पर जानलेवा प्रभाव पड़ सकता है। शिशुओं के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी और कम लागत का तरीका है। विश्व में आधे से अधिक बच्चे खतरें की परिस्थिति और स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक टीका प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। यदि शिशु का टीकाकरण किया जाए तो विश्व में उनके बचाव में लगभग 15 लाख शिशु मृत्यु को रोका जा सकता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से रहीस मास्टर, मारूफ नेता, डॉक्टर अनिल, सुनील अहमद राशन डीलर, डॉक्टर हसरत अली और जीशान इत्यादि ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली।

# डीएम दरबार पहुंची पीड़ित महिला, विवेचना बदलने की मांग

## -अर्दली पर लगाया 50 हजार की ठगी करने का गंभीर आरोप



मुजफ्फरनगर, 06 जून (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी अनुराधा शर्मा ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में थाना जानसठ के विवेचना अधिकारी पर संदेह व्यक्त करते हुए उक्त विवेचना को बदले जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त मामले में जानसठ तहसील में न्यायालय नायब तहसीलदार के अर्दली के विरुद्ध मुकदमे की विवेचना में विवेचक के द्वारा कोई न्याय की उम्मीद नहीं है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी अनुराधा शर्मा पुत्री स्वर्गीय विक्रम दत्त शर्मा ने डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में थाना जानसठ के विवेचना अधिकारी पर जांच मामले में संदेह व्यक्त करते हुए विवेचना को बदले जाने की मांग की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले में जानसठ तहसील में न्यायालय नायब तहसीलदार के अर्दली हरबीर सिंह द्वारा उसका मानसिक और आर्थिक रूप से शोषण करने के साथ ही 50 हजार रुपए की ठगी की है, जिसके विरुद्ध किए गए मुकदमे की विवेचना में विवेचक द्वारा उसे किसी तरह के न्याय की उम्मीद नहीं है। ऐसे में मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से कराई जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके। इस दौरान पीड़िता के साथ परिवार व गांव के अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

